# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

Phone / Fax No-01372252149 Email- dfokedarnath@gmail.com


पत्रांकः— 3216 / 12—1 गोपेश्वर, दिनांक 17-11 2021

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
देहरादून।

द्वाराः— निदेशक/ वन संरक्षक नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व गोपेश्वर।

विषयः— जनपद चमोली में विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में देवल से धानई तक मोटर माग्र निर्माण हेतु 0.94 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यातर्वन।

महोदय,

उपरोक्त विषय के कम में अवगत करना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा दिनांक 29—07—2021 को किये गये संयुक्त निरीक्षण का प्रत्तुत उत्तर मान्य न किये जाने के कारण मोटर मार्ग का पुनः दिनांक 8—10—2021 को वृक्ष विहीन क्षेत्र हेतु प्रयोक्ता अभिकरण एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया । वैकल्पिक संरेखण में तकनीकी रूप से सही न होने तथा ग्रामीणो द्वारा कडी आपत्ति के कारण नया संरेखण चयनित नहीं किया जा सका। पूर्व में चयनित संरेखण ही सदा सर्वदा उपयुक्त है। दिनांक 08—10—2021 को किये गये संयुक्त निरीक्षण की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि विषयाँकित प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नः— यथोपरि।

भवदीय,

(अमित कंवर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

Scanned with CamScanner

संयुक्त निरीक्षण आख्या

सन्दर्भ - प्रभागीय वनाधिकारी, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर का पत्रांक- 417/12-1 दिनांकित 23-7-2021

आज दिनांक 29/07/2021 को नि०ख० लो०नि० वि० गौचर की तरफ से डॉ० अमित कुमार पटेल, सहायक अभियंता एवं डॉ० प्रतीक अग्रवाल, अपर सहायक अभियंता एवं वन विभाग की तरफ से श्री पंकज ध्यानि, वन क्षेत्राधिकारी, धनपुर रेंज तथा राजस्व विभाग की तरफ से श्री हरीश चन्द्र पोखरियाल, राजस्व उप निरीक्षण- बैनोली "मा० मु०घो० सं०- 1471/2015 राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में देवल से धारतई तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु" संयुक्त निरीक्षण हेतु उपस्थित हुए। संयुक्त निरीक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नवत है-

1. प्रस्तावित ग्राम गूगल मैप (Google Map) में पूर्व से ही निर्मित 'कर्णप्रयाग- नौटी- पैठाणी मोटर मार्ग' से जुड़ा हुआ है ऐसा प्रदर्शित होता है परन्तु कर्णप्रयाग- नौटी- पैठाणी मो० मार्ग का उद्देश्य मुख्यत: पैठाणी (जिला- पौड़ी) को जोड़ने का है जो कि किमी० 27 में आंशिक परिवार को सुविधा पहुँचाता है तथा ग्राम धारतई जिसकी जनसंख्या लगभग 200 है मुख्यत: पूर्व में निर्मित मोटर से काफी ऊँचाई पर स्थित है जिस कारण मोटर मार्ग के निर्माण की आवश्यकता है जिससे ग्रामीणों को मूल- भूत सुविधा का लाभ मिल सके।

2. प्रस्तावित मोटर मार्ग वन पंचायत भूमि से होकर जा रही है न कि आरक्षित वन भूमि से। आरक्षित वन भूमि की दूरी सम्बन्धित मोटर मार्ग से लगभग 1.50 किमी० है।

3. वृक्षों के पातन में न्यूनता लाने हेतु वैकल्पिक मार्ग का प्रयास किया गया परन्तु दूसरी ग्राम सभा द्वारा विवाद तथा मार्ग पर स्लाइडिंग जोन व ग्रामीणों के आपत्ति के कारण सम्भव नही हो सका। प्रस्ताव में चयनित संरेखण ही सर्वोत्तम है जिसमें सभी की सहमति भी है तथा तकनीकी दृष्टि से भी स्लाइडिंग जोन इत्यादि नही है।

अत: उपरोक्त के दृष्टिगत प्रस्ताव सं०- FP/UK/ROAD/38601/2019 के नवनिर्माण हेतु स्वीकृति की संस्तुति की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (हस्ताक्षर) 29/7/21 | (हस्ताक्षर) 29/07/21 | (हस्ताक्षर) 29/07/21 | (हस्ताक्षर) 29/07/2021 |
| (डॉ० प्रतीक अग्रवाल) | (डॉ० अमित कुमार पटेल) | (श्री हरीश चन्द्र पोखरियाल) | (श्री पंकज ध्यानी) |
| अपर सहायक अभियंता | सहायक अभियंता | राजस्व उपनिरीक्षक | वन क्षेत्राधिकारी |
| नि०ख० लो०नि०वि० | नि०ख० लो० नि० वि० | बैनोली | धनपुर रेंज |
| गौचर | गौचर | | |

Scanned with CamScanner